### पातालेश्वर और महाकाल मंदिर में भव्य सजावट, शिवरात्रि उल्लास चरम पर

# शिवमय हुआ छिंदवाड़ा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा






महाशिवरात्रि के पावन पर्व ने इस बार पूरे छिंदवाड़ा शहर को शिवभक्ति के रंग में रंग दिया है। नगर के प्राचीन और आस्था के प्रमुख केंद्र पातालेश्वर मंदिर तथा महाकाल मंदिर में विशेष सजावट, दीपों की रोशनी और पुष्पों की सुगंध से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा है। भोलेनाथ के अलौकिक श्रृंगार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया है और मंदिर परिसरों में दिन भर भक्तों की आवाजाही बनी हुई है।इस वर्ष शिवरात्रि के उत्सव में भक्तों की आस्था ने नए रंग जोड़े हैं। परंपरागत पूजा-अर्चना के साथ-साथ हल्दी की रस्म, मेहंदी की रस्म और सामूहिक धार्मिक अनुष्ठानों ने शिवरात्रि के आनंद को कई गुना बढ़ा दिया है। भक्तों ने शिव-पार्वती विवाह की भावनात्मक तैयारी के रूप में इन रस्मों को निभाया, जिससे मंदिर परिसर किसी मांगलिक उत्सव स्थल की भांति नजर आया। भजन-कीर्तन, हर-हर महादेव के जयघोष और डमरू-नाद के बीच पूरा शहर शिवमय हो गया।शहर के केवल पातालेश्वर और महाकाल मंदिर ही नहीं, बल्कि छिंदवाड़ा के सभी शिवालयों में शिवरात्रि को लेकर विशेष तैयारियाँ की गई हैं। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की मालाओं और पारंपरिक सजावट से सजाया गया है। एक दिन पूर्व से ही पुजारियों और समिति सदस्यों द्वारा रात्रि जागरण, अभिषेक सामग्री और पूजा-विधि की तैयारियाँ पूरी कर ली गई थीं। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ भोलेनाथ की आराधना में लीन नजर आ रहे हैं।महाशिवरात्रि की रात विशेष रूप से भक्तिमय मानी जाती है। इस अवसर पर रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पण का क्रम रातभर चलता रहेगा। भक्त उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना करेंगे और शिवकृपा की कामना करेंगे। माना जाता है कि इस रात्रि की गई पूजा से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं, इसी विश्वास के साथ हजारों श्रद्धालु मंदिरों की ओर उमड़ रहे हैं।कल शिव विवाह के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भंडारे, प्रसाद वितरण, हवन-पूजन और विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। जगह-जगह विशाल भंडारे लगाए जाएंगे, जहाँ श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। शिव-पार्वती विवाह की झांकी, भजन मंडलियों का आयोजन और धार्मिक कथाओं का वाचन भी कई स्थानों पर किया जाएगा। पातालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाला पारंपरिक मेला श्रद्धालुओं के आकर्षण का विशेष केंद्र रहता है। इस मेले में हजारों की संख्या में भक्त मंदिर दर्शन के साथ-साथ मेले का भी आनंद लेते हैं। स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य जिलों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मेले में धार्मिक वस्तुएँ, पूजा सामग्री, खिलौने और खानपान के स्टॉल सजे हुए हैं, जिससे उत्सव का उल्लास और बढ़ गया है।शिवरात्रि के अवसर पर छिंदवाड़ा में आस्था का जनसैलाब उमड़ने की पूरी संभावना है। मंदिर समितियों, प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था पर भी ध्यान दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।कुल मिलाकर, महाशिवरात्रि 2026 ने छिंदवाड़ा को पूरी तरह शिवभक्ति में डुबो दिया है। हर ओर शिव नाम की गूंज, दीपों की रौशनी और श्रद्धा का सागर नजर आ रहा है। भक्तों का उत्साह, मंदिरों की भव्यता और परंपराओं की गरिमा इस पर्व को अविस्मरणीय बना रही

## महाशिवरात्रि एवं मंदिर स्थापना दिवस का गुलाबरा में भव्य आयोजन

नगर के हृदयस्थ शिव मंदिर बड़ा कुआं में आस्था, भक्ति और परंपरा का पावन उत्सव एक बार फिर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर करने जा रहा है। प्रति वर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि पर्व तथा 16 फरवरी 2026 को मंदिर स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बाँधने वाला आध्यात्मिक पर्व है।महाशिवरात्रि के पावन दिवस पर भगवान शिव की आराधना विशेष विधि-विधान से की जाएगी। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर "ॐ नमः शिवाय" के दिव्य मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहेगा। श्रद्धालु रुद्राभिषेक में सहभागिता कर भोलेनाथ का जल, दुग्ध, बेलपत्र एवं पुष्पों से अभिषेक करेंगे। शिवभक्ति में लीन इस दिन भक्तों के लिए साबूदाना की खिचड़ी का भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धा के साथ सेवा का भाव भी निहित रहेगा।इसके पश्चात 16 फरवरी को मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर में विराजित सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विधिवत पूजन, हवन एवं विशेष अनुष्ठान संपन्न होंगे। अग्नि के साक्ष्य में मंत्रोच्चार और आहुतियों के साथ वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठेगा। इस शुभ अवसर पर विशाल भोजन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु सपरिवार प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।मंदिर समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध किया गया है कि वे इस पावन आयोजन में यथाशक्ति दान एवं सहयोग प्रदान करें। दान राशि मंदिर की दान पेटी में ही अर्पित करने का आग्रह किया गया है, जिससे पारदर्शिता और धार्मिक मर्यादा बनी रहे। यह सहयोग न केवल आयोजन को सफल बनाएगा, बल्कि सेवा, संस्कार और संस्कृति की इस परंपरा को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

## शिवरात्री पर भक्त श्रद्धालुओं का उमड़ेगा जन सैलाब

**दमुआ।** महाशिवरात्री के पावन अवसर पर दमुआ शहर नगर सहित आसपास के एरिया क्षेत्र के धार्मिक स्थल श्री शिवमंदिर भोले की मढ़िया,मंदिर बेरियर श्री शिवमंदिर कालीछापर न. 7, श्री शिवमंदिर माईनस, श्री शिवजी मंदिर पार्क रोड दमुआ, श्री नागमंदिर दमुआ न. 8, शिवमंदिर दमुआ न. 12, शिवमंदिर मोमिनपुरा, श्री नन्दागिरी मंदिर नंदन, श्री शिवमंदिर दमुआ बजार, श्री शिवशंकर मंदिर माईनस चैक, श्री शिवमंदिर शांतिलान के पास दमुआ, श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर पुलिस थाना परिसर दमुआ श्री बटकेश्वर धाम पुराना दमुआ बाजार श्री सिद्धनाथ धाम मंदिर दमुआ, श्री शिवमंदिर माईनस, श्री शिवशंकर जी मंदिर वार्ड न 8 माईनस, श्री शिवमंदिर रामनगर दमुआ श्री शिवमंदिर नई दफाई सहित सभी शिवमंदिर शिवालय धार्मिक स्थलो मे महाशिवरात्री के पावन अवसर पर विशेष रूप से पूजन पाठ अराधना उपासना का कार्यक्रम सुबह से प्रारम्भ हो जावेगें जो कि देर रात्री तक चलते रहेगें जहां मंदिरो मे पूजन अराधना अभिषेक पाठ चालिसा, विधिवत आयोजन कार्यक्रम भी चलते रहेगे और इस पावन अवसर पर भण्डारा प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है जहां भारी संख्या में शिवभक्त श्रद्धालुओ भक्तजनो का मंदिरो मे तांता लगा रहेगा धार्मिक स्थलो में पूजन पाठ और देव दर्शन करने वालो का जन सैलाब उमड पडेगा।

## पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में 18 किमी, मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन



**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा फिजिकल एकेडमी द्वारा पुलवामा शहीदों की स्मृति में 18 किमी मैराथन दौड़ पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की शहादत को नमन करते हुए एक विशेष मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ छिंदवाड़ा पुलिस लाइन से सीमारिया हनुमान मंदिर तक आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने 18 किलोमीटर की दूरी तय की। इस आयोजन में लगभग 30 जवानों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य सहयोग गुलाबरा स्थित उर्वशी जनरल स्टोर्स के संचालक (एडवोकेट) आकाश यादव एवं सागर यादव द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था भी कराई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अकुल इरपाची ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सुमित पन्द्रम को मिला, जबकि तृतीय स्थान विकाश यधुवंशी ने हासिल किया। चतुर्थ स्थान बलराम चंद्रवंशी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर एकेडमी के संचालक कोच मिथुन धुर्वे, उप संचालक प्रवीण घागरे, पी टी आई शशिक सर, आर्मी रविन्द्र अहके सर, देवीदास उईके, प्राहिम तुमड़ाम, शुभम जी सहित समस्त टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने इस आयोजन में सुरक्षा एवं पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया, इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति, फिटनेस और अनुशासन का संदेश देने का प्रयास किया गया।

## समाजसेवी संगठन ने मातृ-पितृ पूजन दिवस एवं तुलसी पूजन दिवस मनाया

**छिंदवाड़ा।** वरिष्ठ समाजसेवी संगठन जन सेवा हिताय बीसी ग्रुप एवं मुस्कान



फाउंडेशन छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में एस एल आर कॉन्वेंट स्कूल सर्रा में सेवा भाव से मातृ-पितृ पूजन दिवस एवं तुलसी पूजन दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर बच्चों के बैठने हेतु ग्रीन मैट प्रदान की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत सभी मुख्य अतिथियों के तिलक एवं पुष्प स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा तुलसी माता का विधिवत पूजन किया गया तथा उनके धार्मिक, सांस्कृतिक एवं औषधीय महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुस्कान फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती ललितामनि सरवैया ने बच्चों को मातृ-पितृ पूजन दिवस के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माता-पिता का सम्मान करना ही सच्चे संस्कारों की नींव है और यही संस्कार बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। उनके प्रेरणादायी विचारों से बच्चों में संस्कार, संवेदना और कर्तव्यबोध की भावना जागृत हुई। जन सेवा हिताय संगठन की संस्थापक श्रीमती हर्षा बनोदे ने बताया कि बीसी ग्रुप द्वारा किटी पार्टी से एकत्रित राशि से बच्चों के लिए बैठने हेतु ग्रीन मैट स्कूल को प्रदान की गई हैं, जिससे शिक्षा के साथ-साथ सुविधा और स्वच्छता को भी बढ़ावा मिले। इस कार्यक्रम में मुस्कान फाउंडेशन के वरिष्ठ संरक्षक श्री दिनेश अग्रवाल जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रुक्मिणी ठाकुर, मुख्य सदस्य प्रमिला निगम, अरुणा पवार, रंजना पहाड़े, स्कूल स्टाफ प्रेमलता डेहरिया, प्रीति डोहरिया, मुनमुन डेहरिया, एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा उनके माता-पिता उपस्थित रहे।

## शिवरात्रि पर्व पर शिव शक्ति मंदिर खजरी गाडरीढाना तीन दिवसीय कार्यक्रम एवं विशाल भंडारा

**छिंदवाड़ा।** शिव शक्ति मंदिर ग्राम खजरी गाडरी ढाना वार्ड नंबर 1 छिंदवाड़ा के पुजारी राजेश पाल बाबाजी ने बताया कि शिवरात्रि के पावन पर्व पर जय भोले शिव शक्ति मंदिर जो अदभुत चमत्कारी मंदिर है जहॉं इसी भूमि से पिण्डी उत्पन्न हुई है में प्रतिवर्ष तीन दिवसीय अभिषेक का आयोजन किया जाता है । इसी क्रम में इस वर्ष आज दिनांक 15.02.26 दिन रविवार को प्रथम अभिषेक दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय अभिषेक शाम 7 बजे तथा तीसरा अभिषेक दिनांक 16.02.26 दिन सोमवार को दोपहर 12 बज होने के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है । श्री पाल बाबा इस अवसर पर समस्त नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की ।

## आबकारी की दबिश: 250 कि.ग्रा. महुआ लहान, 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त

### हर्रई एवं अमरवाड़ा के ग्रामों में की गई कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत अमरवाड़ा के अंतर्गत आज हर्रई बस्ती एवं अमरवाड़ा के ग्राम लखनवाड़ा में दबिश कार्यवाही की गई । कार्यवाही के दौरान कुल 05 ज्ञात आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, जिसमें 250 कि.ग्रा. महुआ लहान, 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 10 पाव देशी मदिरा आबकारी द्वारा जब्त की गई । महुआ लहान का सेंपल निकालकर शेष महुआ लहान को मौके पर नष्ट किया गया एवं मदिरा को आबकारी द्वारा कब्जे में लिया गया । कार्यवाही के दौरान आबकारी वृत अमरवाड़ा का समस्त अमला एवं थाना हर्रई का स्टाफ उपस्थित था ।

## चांद में बोर्ड परीक्षा फल उन्नयन के लिये गृह भेंट चलाया जा रहा

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणोत्तर वृद्धि के लिये जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल के निर्देशन में छात्रों से गृह भेंट कर पढ़ने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि उनके द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में पढ़ने वाले कक्षा 10वीं के छात्रों में अच्छे परीक्षा परिणाम के लिये संध्या समय पर गृह भेंट कर छात्रों व पालकों से मुलाकात की जा रही है और विषय से संबंधित कठिनाई के निवारण के प्रयास कर परीक्षा तैयारी पर बात की जा रही है। गत दिवस शिक्षक श्री रामसिंह पंचेश्वर के साथ विद्यालय के आश्रित ग्रामों में जाकर कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों से गृहभेंट किया गया। जिसमें ग्राम कौआखेड़ा में करण पिता श्री सुखराम उइके, अमित पिता श्री राम मरावी, ग्राम रानीखैरी में शेखर यादव मौजूद रहे।

## 3,12,659 लाडली बहनों के खातों में पहुंची 45.50 करोड़ रुपये की राशि

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज खण्डवा जिले के पंधाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की 33वीं किस्त का अंतरण किया। इस अवसर पर प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाडली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई। वहीं छिंदवाड़ा जिले की 3,12,659 लाडली बहनों को 45.50 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री बृजेश कुमार शिवहरे और शहरी क्षेत्र की लाड़ली बहना हितग्राहियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में खण्डवा जिले से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया। इसके अलावा जिले की परियोजनाओं एवं आंगनबाड़ियों में भी लाड़ली बहना हितग्राहियों को जोड़कर कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से दिखाया गया।

## माता-पिता का पूजन हमारी संस्कृति का हिस्सा : सांसद बंटी विवेक साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मातृ पितृ पूजन हमारी संस्कृति का हिस्सा है, जिसे पाश्चात्य संस्कृति ने भुला दिया था, किंतु संत आसाराम गुरुकुल द्वारा इस पूजन का पुनः प्रारंभ कराया गया और आज पूरे देश में इसे मनाया जाता हैं। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने संत श्री आशारामजी गुरुकुल में आयोजित मातृ-पितृ पूजन दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही।

इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि माता-पिता को ईश्वर के भी उपर रखा गया है। हमारी संस्कृति कहती है कि जब हम घर से निकलते हैं तो माता-पिता के पैर पड़ कर निकलते हैं, जिससे उनका आशीर्वाद हमें हमेशा मिलता रहे। संत आसाराम गुरुकुल द्वारा मातृ-पितृ पूजन दिवस का यह आयोजन सराहनीय है। उन्होंने संत आसाराम गुरुकुल को हर दम सहयोग का आश्वासन भी दिया। गुरूकुल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता की पूजा आरती उतारी तो वहीं माता-पिता ने भी बच्चों को आर्शीवाद दिया। कार्यक्रम में पूजा के समय भाव विभोर होकर अनेक छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों एवं पालकों की आंखे भर आयी और इस मार्मिक कार्यक्रम को सभी ने सराहा।

## केन्द्रीय बजट अन्नदाता के सपनों को साकार करेगा - संजय पटेल



**छिंदवाड़ा :-** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने आज किसान संवाद कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत रोहनाखुर्द के खापामिट्टे में कहा कि भारत सरकार का यह बजट कृषि के साथ अर्थव्यवस्था के रीढ़ को मजबूत करने वाला बजट है । इसमें किसानों के लिए किसान की आय में वृद्धि करने और कृषि को आधुनिक बनाने के लिए यह बजट अत्यंत सकारात्मक है । भारत-विस्तार नामक बहुभाषायी एआई टूल के माध्यम से कृषि प्रणाली को तकनीक से जोड़ा जाएगा । उच्च मूल वाली खेती को बढ़ावा देते हुए नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी फसलों के लिए विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है । इसके अतिरिक्त सहकारी संस्थाओं को पशु चारे और बिनौले की आपूर्ति पर कर कटौती का लाभ देकर कृषि क्षेत्र को मजबूती दी गई है । रेशम, उन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय फाइवर योजना का शुभारंभ किया है । पशुपालन क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है । आज पशुपालन केवल सहायक गतिविधि नहीं रहा बल्कि यह किसानों की कुल आय में लगभग 16 प्रतिशत का योगदान दे रहा है ।

## कमलनाथ व नकुलनाथ ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने नगर व जिलेवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। नेताद्वय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भगवान शिव का सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि है इस पर्व को शिव व शक्ति के मिलन का प्रतीक माना जाता है। कमलनाथ ने नगर, जिले व प्रदेश एवं देशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आध्यात्मिक जागरण का दिन भी है। शिव की भक्ति से मन को शांति व जीवन में तरक्की प्राप्त होती है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। नकुलनाथ ने देश, प्रदेश, जिले व नगरवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव के त्याग, धैर्य व सादगी से जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया कि सभी भगवान शिव के मंदिर पहुंचकर अभिषेक पूजन कर महाशिवरात्रि पर्व को हर्षोल्लास व पूजन अर्चन कर मनाएं।

### किसानों से हुआ विज्ञान का आत्मीय संवाद, विशेषज्ञों के उद्बोधन का किसानों ने लिया लाभ

# रेडियो किसान दिवस पर मोआदेई में ज्ञान की हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



धरती से जुड़े हाथों को जब विज्ञान का सहारा मिलता है, तब समृद्धि के नए द्वार खुलते हैं। रेडियो किसान दिवस के पावन अवसर पर आकाशवाणी छिंदवाड़ा द्वारा जिले के ग्राम मोआदेई में आयोजित कृषि जागरूकता कार्यक्रम कुछ ऐसा ही संदेश लेकर आया।

यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि खेत, किसान और विज्ञान के बीच जीवंत संवाद का सशक्त मंच बन गया, जहाँ अनुभवों की मिट्टी में ज्ञान के बीज बोए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकाशवाणी छिंदवाड़ा के कार्यक्रम अधिशासी दीपांकर तिवारी ने कहा कि आकाशवाणी वर्षों से किसानों की आवाज़ बनकर उनकी मेहनत, संघर्ष और आशाओं को स्वर देती आ रही है। उन्होंने कहा कि रेडियो किसान दिवस उस विश्वास का प्रतीक है, जिसमें किसान स्वयं को अकेला नहीं, बल्कि वैज्ञानिकों और संस्थाओं के साथ खड़ा महसूस करता है। रेडियो के माध्यम से समय-समय पर प्रसारित होने वाले कृषि कार्यक्रम किसानों को नई तकनीकों, मौसम की जानकारी और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि एवं पशुपालन विशेषज्ञों ने अपने उद्बोधनों से किसानों को भविष्य की खेती के लिए प्रेरित किया। उन्नत बीजों के चयन से लेकर मृदा परीक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। संतुलित उर्वरक उपयोग से न केवल लागत घटाने बल्कि भूमि की उर्वरता बनाए रखने की बात कही गई। फसल विविधीकरण को आय बढ़ाने का प्रभावी साधन बताते हुए किसानों को पारंपरिक खेती के साथ नवाचार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पशुपालन के क्षेत्र में वैज्ञानिक तरीकों, पशु स्वास्थ्य एवं डेयरी प्रबंधन की जानकारी ने किसानों की रुचि विशेष रूप से आकर्षित की।

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र में किसानों ने अपनी जमीनी समस्याएँ खुलकर रखीं। विशेषज्ञों ने उन्हें धैर्यपूर्वक सुना और व्यावहारिक, सरल तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप समाधान सुझाए। इस संवाद ने किसानों में आत्मविश्वास का संचार किया और उन्हें यह एहसास कराया कि विज्ञान उनकी पहुँच से दूर नहीं, बल्कि उनके साथ चलने वाला साथी है।बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और अत्यंत उपयोगी बताया। समापन अवसर पर कार्यक्रम अधिशासी अमोल शेंडे ने सभी अतिथियों, अधिकारियों और किसानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होते हैं और किसानों को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ते हैं।

## सिंगोड़ी में महाशिवरात्रि का भव्य आयोजन, आज रात्रि 7 बजे निकलेगी महाकाल की बारात



**सिंगोड़ी:-** श्री महाकाल सेवा समिति ने जानकारी दी की सिंगोड़ी में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रि 7:00 बजे श्री महाकाल मंदिर सिंगोड़ी से महाकाल की बारात निकलेगी, जिसमें झांकी, शानदार साउंड सिस्टम और भव्य रंगीन आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र होंगे।बारात श्री महाकाल मंदिर सिंगोड़ी पुलिस चौकी के सामने से जुलूस राम मंदिर, बाजार चौक, बस स्टैंड से होते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचेगा, एवं विवाह संपन्न होगा वही रास्ते में जगह-जगह महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। महिलाओं के लिए समिति द्वारा विशेष साउंड सिस्टम और ढोल बाजे की व्यवस्था की गई है।श्री महाकाल सेवा समिति और समस्त ग्रामवासी सिंगोड़ी के और से सभी महाकाल भक्तों से इस भव्य आयोजन में शामिल होने का निवेदन किया हैं।

### धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों की बैठकों में दी 1008 कुण्डीय महायज्ञ की जानकारी

## सांसद ने 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में धार्मिक, सामाजिक व अन्य संगठनों को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में छिन्दवाड़ा के इतिहास में पहली बार होने जा रहे 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां जिले भर में जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई है। 19 से 26 मार्च तक आयोजित हो रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर शनिवार को चौरई व चांद में धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों और सब्जी मंडी छिन्दवाडा में खाद बीज संघ एवं सब्जी मंडी समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों का उन्हें हर दम सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित हो रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में सादर आमंत्रित करते हुए सभी को आमंत्रण पत्र और यजमानों के लिए बनाए गए निःशुल्क पंजीयन फॉर्मो का वितरण किया।



उल्लेखनीय है कि रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। विशाल यज्ञशाला के साथ ही अन्य आयोजन स्थलों का भी निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त महायज्ञ की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों की बैठक ली जा रही है। सांसद श्री साहू ने विभिन्न स्थानों आयोजित हुई बैठकों में शामिल होकर धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों के बंधुओं को इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ मे सादर आमंत्रित किया है। शनिवार को चौरई, चांद और सब्जी मंडी छिन्दवाडा में खाद बीज संघ एवं सब्जी मंडी समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों के सामाजिक बंधु शामिल हुए।

**छिंदवाड़ा की बैठक में यह रहे उपस्थित :** सब्जी मंडी छिन्दवाडा में खाद बीज संघ एवं सब्जी मंडी समिति की बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता जगेन्द्र अल्डक,संतोष पटेल,चंद्रकुमार चंदु जैन, दिनेशकांत मालवी, रविन्द्र सेठिया,अशोक साहू, शिवकुमार शर्मा, श्यामराव कपाले,अशोक कुशवाहा, सत्यम सेमेकार, पिंटू मंडराह, नीरज बागडी, महेश साहू, विजय बागडी, नारायण डोले, प्रशांत जैन, पूर्व मंडी अध्यक्ष विजय बागडी, प्रीतम मंडराह, सतीश कुशवाह, अशोक कुशवाह, राशिद खान, अजय कुशवाह, शर्मा जी, प्रेमनारायण जायस्वाल, अश्वीन सदारंग, प्रशान्त जैन, मोहन शर्मा, शैलेन्द्र रघुवंशी सहित सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे। चौरई की बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, अजब सिंह वर्मा, अतरलाल वर्मा, संतोष पटेल,जिला पंचायत सदस्य ऋषि वर्मा, मंडल अध्यक्षों में मदन राय,विजेंद्र ठाकुर, धरम वर्मा,चंदू जैन,संतोष पटेल,शैलेंद्र पटेल, परशराम वर्मा,गुड्डा रघुवंशी, रोहित पोफली,शरद खंडेलवाल, नीलू निर्मलकर,सिरपत नायक,सुरेंद्र सोनी,महेंद्र वर्मा,दीपक वर्मा,संजय ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## अंबाडा-खुर्द में आग से 10 एकड़ की फसल स्वाहा



**पांढुर्णा।** विकासखंड के ग्राम अंबाडा खुर्द में आज दोपहर 2 बजे कुछ किसानों के खेतों में अचानक आग लगने से 10 एकड भूमि पर फैली फसल स्वाहा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने के कारण का पता नहीं चला। आग लगने की सूचना मिलते ही पडोसी किसानों एवं ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर अपर्याप्त साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसके बाद फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई लेकिन इसके पहले ही किसानों की फसलें आग में जलकर रखा हो चुकी थी। आग से प्रभावित किसानों ने शासन से उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

## महिला उद्यमिता एवं कौशल विकास पर आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शासकीय महाविद्यालय सौंसर की सहायक प्राध्यापक एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस प्रभारी श्रीमती शिखा साहू उपस्थित रही। आपने महिला उद्यमिता एवं कौशल विकास विषय पर विस्तृत से अपने विचार रखें। प्राचार्य डॉ आरपी यादव ने अपने उद्बोधन में महिलाओं आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर दिया। बिछुआ कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पूजा तिवारी ने महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर होने अनिवार्य शर्त बताई। तथा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ फरहत मसूंरी एवं आभार प्रकट डॉ शहीदा बेगम मंसूरी द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में डॉ शिवानी सोनी, रामप्रकाश डेहरिया, मनोज जैन, दुजारी बोसम, अजीत गौतम, डॉ मदन ठाकरे, सूर्यकांत शुक्ला, डॉ विवेक तिवारी समेत बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## माय भारत बजट क्विज़ 2026 के प्रचार—प्रसार हेतु जागरूकता कार्यक्रम

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा माय भारत बजट क्विज़ 2026 के प्रचार—प्रसार हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। माय भारत मेरा युवा भारत छिंदवाड़ा के जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को क्विज़ की रूपरेखा, उद्देश्य एवं सहभागिता प्रक्रिया से अवगत कराते हुए अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करने भिन्न भिन्न संस्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर छात्रो को क्विज मे भाग लेने प्रेरित किया जा रहा हे । क्विज मे भाग लेने के लिए 17 फरवरी तक अपना पंजीयन कराना होग । समाजसेवी श्यामल राव , एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेंद्र साहू तथा डॉ. मंषाराम उइके ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के महत्व पर प्रकाश डाला और सहभागिता हेतु उत्साहित किया। जागरूकता बढ़ाने के लिए महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाए गए।कार्यक्रम के सफल संचालन में माय भारत कैंपस एंबेसडर संकल्प विश्वकर्मा, भूमिका धुर्वे, तथा माय भारत क्लब के सदस्य योगेश डेहेरिया, आयुष लांजे, अंशिका सिंघारे सहित अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी देकर पंजीकरण एवं सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

### पुलवामा आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**दमुआ।** पुलवामा हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर जवानों की स्मृति में शासकीय महाविद्यालय दमुआ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों के अदम्य साहस, बलिदान और देशभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण नमन करना था।कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन रखकर की गई। महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि पुलवामा हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों का बलिदान सदैव राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा। उनका साहस और कर्तव्यनिष्ठा देशवासियों के लिए गर्व का विषय है।प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने कहा कि पुलवामा में शहीद हुए जवानों का त्याग और समर्पण राष्ट्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें सदैव राष्ट्र सेवा और एकता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## समय पर लक्ष्य पूरे करें, एसडीएम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश

**पांढुर्णा।** आज एसडीएम अलका एक्का एवं डॉ दिपेन्द्र सलामे सीबीएमओ ने तहसील कार्यालय नांदनबाड़ी ब्लॉक के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में निर्देश दिए गए कि आगामी प्रस्तावित बैठक पर्यंत आयुष्मान कार्ड, एनसीडी और सिकल सेल स्क्रीनिंग सहित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य प्राप्ती हेतु सुधार अधिकतम प्रयास के लिए निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में डॉ एच आर मलारिया चिकित्सा अधिकारी, रविन्द्र पराडकर बीपीएम, सुरेश टेकाम बीईई, अजय तिवारी बीसीएम, तुषार सिंगारे एसटीएस एवं स्वास्थ्य विभाग पांढुर्ना का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।



### विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया

## एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल, भानेगांव में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम

### स्कूल परिसर भावनाओं, संस्कारों और कृतज्ञता के सुंदर वातावरण से भर उठा

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शुक्रवार को ग्राम भानेगांव में संचालित एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। मां सरस्वती, शंकर, पार्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के बच्चों ने अपने माता, पिता की आरती उतारी, उनको माला पहनाया, तिलक लगाया, उनकी सात बार परिक्रमा की। माता-पिता ने बच्चों को दुलारा, आशीष दिया और भाव विभोर होकर उन्हे गले लगा लिया। भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम की सभी ने सराहना की। इस आयोजन का उद्देश्य पाश्चात्य संस्कृति से प्रेरित बेलेंटाइन डे को नकार कर भारतीय संस्कृति से बच्चों को परिचित कराना रहा ताकि बच्चे इससे प्रेरणा लेते हुए अपने माता- पिता का आदर कर सकें।मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार करांहे ने कहा कि निश्चित रूप से यह आयोजन विशिष्ट है। भारत ऐसा देश है जहां बेलेंटाइन डे पर बच्चे माता- पिता का पूजन कर रहे है। यह कार्यक्रम संदेश देता है कि माता- पिता की सेवा करना,उन्हे आदर देना ही सही मायने में सच्ची आराधना है। श्री करांहे ने कहा कि आज लोगों में माता-पिता को समय देने का अभाव है, वे अपनी ही दुनिया में व्यस्त है, ऐसे में जरूरत है कि लोग अपने बुजुर्ग माता- पिता को समय दें, उनकी बात सुने और उनके मनोभावों को समझे। इस आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को धन्यवाद दिया। और कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को उनकी संस्कृति और सरोकारो से जोड़ने में सहायक होंगे।कार्यक्रम का संचालन करते हुए आशाराम कुशले ने सनातन धर्म की परम्पराओं से लोगों को परिचित कराया। बताया कि संत आशाराम बापू द्वारा इस दिन को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाने का जो संदेश दिया गया वह अनुकरणीय है। वर्ष 2012 से अनवरत विद्यालय में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया जाता है। बच्चों को बताया कि माता, पिता का आदर करने से सारे तीर्थो का फल मिलता है। माता, पिता और गुरू का स्थान सबसे सर्वोच्च है। बताया कि गणेश जी ने अपने माता, पिता भगवान शंकर और मां पार्वती की परिक्रमा कर देवताओं में सर्वोच्च हो गए। अपने माता, पिता को आदर देने, उनकी पूजा करने से बड़ा कोई भी पूजा नहीं है। प्रत्येक बच्चे और युवा को इसका अनुसरण करना चाहिए।इस दौरान पूर्व विधायक रमेश भटेरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति उमरे,भानेगांव सरपंच राम देवीचरण ठाकरे, लीलाधर रावते, बालाघाट डीएसपी संतोष पटेल , रेवाराम करहाटकरें जनपद सभापति, श्रीमती सुशीला दमाहे रिटायर्ड शिक्षिका, श्रीमती मालती ठाकरे रिटायर्ड नर्स, सीताराम रावते भाजपा मंडल अध्यक्ष, पुनाराम मेश्राम, जागेश्वर रावते, स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका, तथा अभिभावक, बच्चे मौजूद रहे।



## घटना चंदपुरी-लेंडेझरी हाईवे की: बाईक दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** लालबर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम चंदपुरी-लेंडेझरी हाईवे मार्ग पर शुक्रवार की रात्रि में बाईक से अपने घर लौट रहे दो युवकों दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल युवकों में चंदपुरी निवासी 32 वर्षीय युवक अजय गोस्वामी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं उसका साथी एशेज बिसेन को घायल अवस्था में बालाघाट के एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।



**रेस्टॉरेंट बंद कर बाईक से घर वापस लौट रहे थे युवक:** जानकारी अनुसार ग्राम चंदपुरी निवासी दोनों युवक अजय गोस्वामी व एशेज बिसेन वारासिवनी-बालाघाट मार्ग पर ग्राम डोंगरिया में स्थित आरटीओ कार्यालय के पास चुल्हा चौकी रेस्टॉरेंट मे कार्य करते थे। वह दोनों प्रतिदिन देर रात्रि में अपने घर लौटा करते थे। शुक्रवार की रात्रि में करीब साढ़े 11 बजे अजय की परिजनों से मोबाईल पर बात हुई थी, तो उसने थोड़ी देर में निकलने की बात कही थी। उसके बाद रात्रि करीब 12 बजे रेस्टॉरेंट बंद करने के बाद वह दोनों बाईक से घर लौट रहे थे। तभी वह भीषण सडक़ हादसे का शिकार हो गए, जिसमें एक युवक अजय गोस्वामी की मौत हो गई और दूसरा युवक एशेज बिसेन घायल हो गया।

**बाईक के डिवाईडर से टकरा कर अनियंत्रित होने से दुर्घटना होने की संभावना:** पुलिस द्वारा प्रथम दृष्टया दो पहिया वाहन बाईक डिवाईडर से टकराने से हादसा होने की संभावना जताई जा रही है, तो वहीं इस हादसे का दूसरा पहलू भी देखा जा रहा हैं, जिसमें अज्ञात वाहन से टक्कर होने से भी दुर्घटना घटने और मौत होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। वहीं देर रात्रि मृतक के घर नहीं पहुँचने पर उसके परिजनों ने मोबाईल पर उससे संपर्क करना चाहा था, लेकिन मृतक अजय द्वारा मोबाईल कॉल रिसीव नहीं किया गया था। जिससे परिजन रात भर बेहद चिंतित रहे। उन्हें सुबह लगभग 9 बजे हादसे की जानकारी लगी, तो वह ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पर पहुँचे। जहाँ हाईवे के डिवाईडर पर बाईक और मृतक अजय का शव पड़ा हुआ था। वही घायल एशेज बिसेन को बालाघाट के निजी अस्पताल में भर्ती कराये जाने की जानकारी लोगों ने दी। लेकिन बालाघाट के किस अस्पताल में वह भर्ती है, इसकी जानकारी किसी को नहीं मिली है।



इस हादसे में बाईक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। मृतक अजय गोस्वामी को सर पर अधिक चोटे लगी दिखाई दे रही था। जो उसकी मृत्यु का कारण बनने की संभावना है। इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस थाना लालबर्रा व वारासिवनी का पुलिस बल घटना स्थल पर पहुँचा। पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल व शव के पंचनामे की कार्यवाही की। जिसके बाद मृतक अजय के शव को वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय लाया गया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जॉच में जुट गई है।

## पुलवामा आतंकी हमले की स्मृति में हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय, किरनापुर में 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना का संचार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया डॉ. सुनीता जैन, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। अपने उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने 14 फरवरी 2019 को हुए उस हृदयविदारक हमले का उल्लेख किया, जिसमें हमारे देश के 40 से अधिक सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति सजग नागरिक बनने का संकल्प लें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के दुष्परिणाम तथा युवाओं की भूमिका विषय पर भाषण एवं विचार-विमर्श भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताओं एवं विचारों के माध्यम से शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रहित में कार्य करने तथा शहीदों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### भारत के विद्वान बौद्ध भिक्षुगण के हस्ते त्रिरत्न बुद्ध विहार का लोकार्पण

## अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव कोसमी बालाघाट में हजारों बौद्ध उपासक-उपासिकाओं की उपस्थित में हुआ सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।** जिला स्तरीय त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट में बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, संरक्षक संघ बालाघाट ,बहुजन संघ बालाघाट,आल इंडिया समता सैनिक दल बालाघाट, धम्मराज धम्म वर्ग संघ बालाघाट ,जिला स्तरीय सार्वजनिक जयंती समारोह समिति बालाघाट, दी बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया शाखा बालाघाट, भारतीय बौद्ध महासभा बालाघाट के संयुक्त तत्वाधान में अंतराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव जिला स्तरीय त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट में 9 फरवरी को सम्पन्न हुआ कार्यक्रम अध्यक्षता जगत विख्यात धम्मदूत पूज्य भदंत संघरत्न मानके जी कार्यक्रम के उद्घाटक पूज्य भदंत खोशो तानी जी (मुख्यविहारधीपति जापान)कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य भदंत शोझेन आराहीजी कार्यक्रम के विशेष अतिथिगण पूज्य भदंत शोताई योकोयामाजी,पूज्य भदंत डॉ अनेक महाथेरो (अध्यक्ष थाई स्टूडेंट्स एसोसिएशन बैंकाक थाईलैंड) पूज्यभदंत डॉ ज्ञानदीप महाथेरो(कोषाध्यक्ष आल इंडिया भिक्षुसंघ बोधगया पूज्य भदंत डॉ वणण!सामी (नागपुर) पूज्य भदंत खेईचि तेराशिमा (जापान) पूज्य भदंत ज्योंखा ओनो (टोकियो जापान) पूज्य भदंत लोबझाग तेपा (तिब्बती कैंप), अधिवक्ता संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, देवेंद्र (मल्ला) मेश्राम भूतपूर्व अध्यक्ष जिला स्तरीय सार्वजनिक जयंती समारोह समिति बालाघाट संत ब्रह्मचारी साहेब की उपस्थित में सम्पन्न हुआ! अंतराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम में आगंतुक जापान थाईलैंड तिब्बत एवं भारत के बौद्ध भीक्षुगणों सुबह 9बजे परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर चौक बालाघाट में संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा वंदना की गई तत्पश्चात परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर चौक बालाघाट से विशाल चार पहिया रैली वाहन टू व्हीलर वाहन रैली व बौद्ध उपासक उपासिकाओ की पैदल भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल जिला स्तरीय त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट में पहुंचकर कार्यक्रम में तब्दील हुई।



पूज्य भदंत धम्म शिखर जी सहित तमाम बौद्ध भिक्षुगणों के हस्ते कार्यक्रम संपन्न हुआ । लोकार्पण अनावरण उद्घाटन उपरांत पूज्य भदंत संघ रत्न मांनके जी ने पाली भाषा में पूजा वंदना पूज्य भदंत शोताई योकोयामाजी ने जापानी भाषा में तथा पूज्य भदंत लोबझांग तेपा जी ने तिब्बत भाषा में पूजा वंदना संपन्न करवाई कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के प्रारंभ में एड डॉ संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) ने प्रस्ताविक उद्बोधन में जिला स्तरीय त्रिरत्न बौद्ध विहार कोसमी बालाघाट के संदर्भ में विस्तार पूर्वक बताया जिसमें शासकीय कार्य का संपादन किया गया जिससे प्राप्त अनुदान राशि व बौद्ध उपासक उपासिकाओ के सहयोग से निर्माण कार्य किया गया पूज्य भदंत डॉ अनेक महाथेरो अध्यक्ष थाई स्टूडेंट्स एसोसिएशन बैंकाक थाईलैंड से तथागत सम्यक संबुद्ध की प्रतिमा प्राप्त हुई और पूज्य भदंत धम्म शिखर जी को प्राप्त दान से निर्माण कार्य किया गया सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया पूज्य भदंत धम्म तप ने अपनी धम्म देशना में कहा की मानव जाति का कल्याण अंधविश्वास से मुक्त होकर ही संभव होगा! कार्यक्रम की विशेष अतिथि पूज्य भिक्षुणी श्रद्धा पुष्पआर्या (ग्वालियर) ने धम्म देशना देते हुए कहा की बुद्ध धम्म ही पुरुषों और महिलाओं की बीच में समानता का भाव है हजारों की तादाद में शरीक महिलाओं से कहा की जिस परिवार में महिलाओं में अंधविश्वास व्याप्त होगा उस परिवार का पतन निश्चित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य भदंत शोझेन आराही ने अपने मुख्य आथित्य के आसंदी से कहा की तथागत सम्यक संबुद्ध के धम्मानुसार आचरण करने वाले लोग मूर्खो के द्वारा की जा रही निंदा से कभी भी कंपित नहीं होते! अंतराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में तन मन धन के साथ सहयोग करने वाले तमाम बौद्ध उपासक उपासिकाओ को साधुवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्वागतध्यक्ष देवेंद्र (मल्ला) मेश्राम पूर्व अध्यक्ष जिला स्तरीय सार्वजनिक जयंती समारोह बालाघाट, रवि पटले जिला महासचिव बालाघाट जिला बौद्ध संघ ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया कार्यक्रम में चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया । अंत में जिले भर सामाजिक धार्मिक व्यक्ति जिन्होंने बुद्ध अम्बेडकर मिशन के लिए समर्पित भाव से उल्लेखनीय कार्य किया उन्हें पूज्य भदंत धम्म शिखर के हस्ते से समाज गौरव सम्मान से नवाजा गया।

**खबर संक्षेप**



## बैंड बाजे और भव्य झाँकियों के साथ निकली भोले की बारात, शोभायात्रा के बाद हुई मूर्ति की स्थापना

धूमा। सज रहे मेरे भोले बाबा निराले दूल्हे से जैसे गीतों की झंकार और बैंड बाजे के साथ भव्य बारात के रूप में निकली शोभायात्रा के साथ ग्राम धूमा के मुक्तिधाम ( श्मशान घाट ) में भगवान भोलेनाथ की मुक्तेश्वर महादेव स्वरुप मूर्ति का स्थापना कार्यक्रम बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के ग्राम के सभी वर्गों के शिवभक्तों ने भगवान मुक्तेश्वर की मूर्ति का पूजन-अर्चन किया और प्रसाद प्राप्त किया ।ज्ञातव्य हो कि ग्राम के स्थानीय मुक्तिधाम में ग्रामवासियों के सहयोग से भगवान भोलेनाथ का भव्य मंदिर बनाया गया है और उसमें शिव प्रतिमा का स्थापना करके पूजन अर्चन किया गया है।

# कृषि विज्ञान मेले का हुआ सफल आयोजन, किसानों को मिली आधुनिक खेती की जानकारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शासन के निर्देशानुसार आत्मा योजना अंतर्गत शनिवार 14 फरवरी को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड सिवनी में कृषि विज्ञान मेला का आयोजन हुआ। मेले में जिलेभर से बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर आधुनिक, वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम को संबोधित कर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस पूरे वर्ष किसानों की आय बढ़ाने, खेती को टिकाऊ और लाभकारी बनाने तथा नई तकनीकों को खेत तक पहुंचाने पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से विस्तार किया जा रहा है और प्रदेश में 55 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित हो रही है, जिसे आने वाले वर्षों में और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आधुनिक कृषि को समय की मांग बताते हुए ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों, उन्नत बीजों, ड्रोन आधारित छिडक़ाव, मृदा परीक्षण और वैज्ञानिक खेती के महत्व पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि सहित केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से किसानों को सीधा आर्थिक संबल मिल रहा है, जिससे खेती में निवेश और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लें और नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आय दोगुनी करने की दिशा में आगे बढ़ें।

विधायक दिनेश राय ने अपने उद्बोधन में किसानों से संवादात्मक शैली में बात करते हुए कहा कि अब समय परंपरागत खेती से आगे बढक़र ज्ञान आधारित खेती का है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी भूमि की उर्वरता, जल धारण क्षमता, जल स्त्रोत और बाजार की मांग का अध्ययन कर फसल चयन करें, ताकि कम लागत में अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने प्राकृतिक खेती को भविष्य की खेती बताते हुए कहा कि इससे मिट्टी की सेहत सुधरेगी, उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ेगी और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने समन्वित खेती मॉडल पर विशेष जोर देते हुए कहा कि फसल उत्पादन के साथ पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, बागवानी, मधुमक्खी पालन और मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों को जोडक़र किसान जोखिम कम कर सकते हैं और सालभर आय सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने सौर ऊर्जा आधारित पंप और कृषि उपकरणों को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे बिजली खर्च कम होगा और किसान ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने विभागीय





अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को गांव स्तर तक प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और बाजार से जोडऩे के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं।

विधायक कमल मर्सकोले ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का उद्देश्य खेती को मजबूरी नहीं, बल्कि लाभ का व्यवसाय बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में कृषि लागत कम करने और किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। खाद और बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वितरण प्रणाली को मजबूत किया गया है, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए नहर, लिफ्ट सिंचाई, तालाब निर्माण और सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है, जिससे खेतों तक पानी पहुंचे और उत्पादन बढ़े। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लेने में सक्रिय रहें और आधुनिक कृषि यंत्रों व नई तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाएं।

पूर्व सांसद ढालसिंह बिसेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हरित क्रांति ने उत्पादन बढ़ाया, लेकिन रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने मिट्टी, पानी और मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा कि आज कई बीमारियों का एक बड़ा कारण भोजन की गुणवत्ता में गिरावट है, इसलिए हमें फिर से प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर लौटना होगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती का तरीका नहीं, बल्कि जीवनशैली का परिवर्तन है, जो मिट्टी को बचाएगी, जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखेगी और आने वाली पीढिय़ों को स्वस्थ भविष्य देगी। उन्होंने बताया कि सरकार भी इस दिशा में किसानों को प्रशिक्षण, प्रोत्साहन और जैविक उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने के प्रयास कर रही है। उन्होंने किसानों और आम नागरिकों से अपील की कि वे जैविक उत्पादों को अपनाएं और प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन का रूप दें।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डेहरिया, जिला भाजपा अध्यक्ष मीना बिसेन, पूर्व विधायक राकेश पाल तथा कलेक्टर शीतला पटले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### विभागीय योजनाओं पर केंद्रित स्टॉल रहें विशेष आकर्षण

आयोजित मेले में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां प्राकृतिक खेती, जैविक उत्पादन, पराली प्रबंधन, फार्मर रजिस्ट्री, ई-विकास प्रणाली, उन्नत बीज, उर्वरक एवं आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिकों ने परिचर्चा के माध्यम से किसानों की समस्याओं का समाधान किया, वहीं जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के हितलाभ का वितरण के साथ ही विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर सभी को प्रोत्साहित किया गया।

# शिक्षक संघ के द्वारा दी जाएगी नॉमिनी को आर्थिक सहयोग राशि

### हरि भूमि न्यूज । विमल कुमार चौबे। सिवनी जिले के आदेगांव में Pmums की टीम द्वारा शोक ग्रस्त परिवार से सौजन्यभेंट की गई



जिसमें प्रदेश स्तरीय शिक्षक की टीम में संभागीय एवं जिला पद अधिकारियों की उपस्थिति रही शिक्षक संघ मध्य प्रदेश की संभागीय टीम से महेंद्र कुमार ठाकुर जिला प्रभारी अध्यक्ष मौसम काडे एवं आई टी एल प्रभारी सुरजन इनवाती एवं एवन कुमार जगने जिला संगठन मंत्री एवं अन्य पदाधिकारी के साथ स्थानीय शिक्षकों के द्वारा स्वर्गीय श्री राजेंद्र कुमार अवधिया के परिवार में उपस्थित होकर भेंट की गई एवं सांत्वना दी गई एवं आर्थिक मदद हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई संघ में वर्तमान में लगभग 84000 शिक्षक सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं एवं संघ द्वारा आज दिनांक तक तीन दिवंगत शिक्षक साथियों को आर्थिक सहयोग राशि उनके नामनी के खातो में उपलब्ध कराई गई जिसमें बताया गया कि प्रथम व्यक्ति के नॉमिनी के खाते में 40 लाख द्वितीय परिवार के खातों में 38 लाख एवं तीसरा क्रम का कार्य जारी है इसी क्रम में आदेगांव निवासी राजेंद्र अवधिया का नंबर 14 स्थान में है।

Pmums शिक्षक संघ के पदाधिकारी द्वारा जल्द से जल्द सहयोग राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

दिवंगत परिवार के द्वारा Pmums शिक्षक संघ को

### डीएलसीसी तिमाही बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अंजली शाह सीईओ जिला पंचायत, धीरज गुप्ता भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल, प्रवीण कुमार दिसोरिया लीड बैंक अधिकारी, साथ में बैंकर्स और विभागीय अधिकारी उपस्थिति में संपन्न हुई।

सीईओ जिला पंचायत द्वारा वार्षिक लक्ष्य पूर्ण करने हेतु बैंक और विभागों को निर्देशित किया गया साथ ही अपलिखित खातों की वसूली हेतु संबंधित विभाग बैंक का सहयोग करें और आरआरसी के माध्यम से वसूली प्रक्रिया भी शुरू करें। धीरज गुप्ता भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समस्त बैंकर्स को महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे , टंट्या मामा, डॉ भीम राव अंबेडकर , आदि में शत प्रतिशत स्वीकृत एवं वितरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा जिला जेल का निरीक्षण, विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीशचंद्र राय की अध्यक्षता में शनिवार 14 फरवरी 2026 को सिवनी जिला जेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान न्यायाधीश द्वारा जेल में निरुद्ध विचाराधीन एवं सजायाफ्ता बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर बंदियों को प्ली बार्गेनिंग, अपील, निःशुल्क विधिक सहायता, जमानत संबंधी प्रावधान, लोक अदालत तथा अन्य विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बंदियों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सुविधाओं से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान जेल की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, पेयजल, शौचालय, बैरक एवं सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया गया। व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि नायक, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विक्रम सिंह डावर, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, जेल अधीक्षक अजय वर्मा, सहायक जेल अधीक्षक कैलाश नेवारे सहित जेल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### जिला स्तरीय रोजगार- स्वरोजगार मेला 18 फरवरी को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई. सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से राशि लॉन बारापत्थर सिवनी में दिनांक 18 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि आयोजित मेले में प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी एवं स?वरोजगार योजना अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे इच्छुक आवेदक जो आयोजित मेले में जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच हो एवं जिन?होंने कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। वे अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या की यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या तीर्थ यात्रा का आयोजन दिनांक 30 मार्च 2026 से 04 अप्रैल 2026 तक किया जाना है। उक्त यात्रा के लिए सिवनी जिले को कुल 279 यात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

### समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 07 मार्च तक

**सिवनी /** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन दिनांक 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक किया जाना है। किसान अपनी फसल का निःशुल्क पंजीयन सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र में एवं सशुल्क एम पी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर जाकर अपनी उपज का पंजीयन करा सकतें है। उन्होंने बताया कि सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के पंजीयन केवल सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र द्वारा किये जावेगें, सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के सिकमी अनुबंध दिनांक 02/02/2026 के पूर्व का होने पर ही मान्य किया जावेगा। अतः किसान अपनी सुविधानुसार समय पर निर्धारित पंजीयन केन्द्रो में जाकर अपनी उपज का पंजीयन करावें।

### जिले में हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक जिले के 84 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है उन्होंने बताया कि शनिवार 14 फरवरी 2026 को हाईस्कूल के हस्क्तस्न एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय की परीक्षा 51 केन्द्रों पर हुई जिसमें 3693 विद्यार्थी पंजीकृत थे 3669 उपस्थित रहे और 24 अनुपस्थित रहे वहीं नकल प्रकरण निरंक रहा। इसी क्रम में हायरसेकेण्डरी बायोटेक्नॉलोजी विषय की परीक्षा 1 केन्द्र पर हुई जिसमें 1 विद्यार्थी पंजीकृत था जो अनुपस्थित रहा वहीं नकल प्रकरण निरंक पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से परीक्षा की निगरानी की गई तथा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय दलों ने निरीक्षण किया सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न हुई।

### तीसरे सेमेस्टर की पढ़ाई के दौरान दी नेट परीक्षा, पहले ही प्रयास में सफल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले का धान का कटोरा नाम से मशहूर बरघाट विकासखंड के छोटे से गाँव खमरिया के एक किसान के बेटे ने हिंदी विषय में नेट परीक्षा में सफलता हासिल कर साबित किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी कड़ी मेहनत से सफलता अर्जित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के हिंदी विभाग के चौथे सेमेस्टर के छात्र मेहुल सिंह बिसेन ने अपने पहले ही प्रयास में नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रोफेसर बनने की पात्रता अर्जित कर ली है।

# ग्राम पंचायत साजपानी में जिला सीईओ अंजली शाह ने किया पौधा रोपण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गौरतलब है कि इसी 26 जनवरी 2026 को उत्कृष्ट कार्य करने पर सिवनी जिला की 695 पंचायतों में से 2 पंचायतों ने समस्त योजनाओं एवं शासकीय अभियानों में किए उत्कृष्ट कार्य के आधार पर कलेक्टर सिवनी एवं विभागीय सीईओ जिला पंचायत सिवनी द्वारा चयनित दो ग्राम पंचायतों को।राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत करने हेतु नामांकित किया गया था इसी के दौरान राजधानी नई दिल्ली में धनोरा क्षेत्र की 02 पंचायत राष्ट्रीय पुरस्कार लेकर लौटी हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत साजपानी की सराहना करने जिला सीईओ ने पंचायत भवन पहुंचकर पंचायत टीम को बधाईयां ज्ञापित की। आज विभाग की योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति हेतु आयोजित जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सिवनी की सीईओ श्रीमती अंजली शाह ने जनपद पंचायत धनौरा पहुंचकर सभी पीसीओ,पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं योजनाओं के अधिकारियों से प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।



साथ ही मनरेगा योजना में जिले में सर्वाधिक रोजगार सृजन के लिए सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह राजपूत,सभी उपयंत्रीयों सहित प्रथम 10 पंचायतों की सराहना की। पीएम जनमन आवास योजना में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्णता पर वीसी मनोज नामदेव और संबंधित पंचायत सालीवाड़ा की टीम की सराहना भी की।

इसी के दौरान उन्होंने दिल्ली से सम्मानित हुई ग्राम पंचायत साजपानी पहुंचकर सरपंच श्रीमती सुद्दामा धुर्वे,सचिव श्री शमशेर खान, उपयंत्री अभिनव ठाकुर,ग्राम रोजगार सहायक महेन्द्र सिहोसे पेशा मोबेलाईजर देवसिंग सहित पूरी पंचायत टीम को बधाई दी।एवं इस अवसर की स्मृति हेतु एक पेड़ मां के नाम आम का पौधा रोपित किया शासकीय योजनाओं को प्रत्येक पात्र ग्रामीण तक पहुंचाने एवं विभिन्न नवाचार के माध्यम से हितलाभ वितरण में सरलता और सहजता वाली ग्राम पंचायत साजपानी की टीम भावना को सराहते हुए जिला की प्रत्येक ग्राम पंचायत में इसी भांति कार्य करने हेतु। अपने समस्त विभागीय अमले।को प्रेरित किया । एवं जनपद पंचायत धनौरा के उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह उईके ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ जिला सीईओ को धनोरा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में दिए जा रहे सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया । इसी के साथ साथ सचिव संघ के अध्यक सुभाष राय एवं रोजगार सहायक संघ के अध्यक राकेश पंद्रे द्वारा समस्त योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किए ।

# भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा लखनादौन स्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रशिक्षण केंद्र में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम केवाईसी-सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम निर्धारित की गई है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धीरज गुप्ता (भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन अग्रणी जिला प्रबंधक प्रवीण कुमार दिसोरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला परियोजना प्रबंधक संजय रस्तोगी, जिला प्रबंधक वित्त राजेंद्र शुक्ला, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक कुलदीप सिंह, पवन सनोडिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ग्राहक पहचान प्रक्रिया, केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री, खाता स्वच्छता, डिजिटल भुगतान की सुरक्षा तथा वित्तीय अनुशासन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। साथ ही बैंकिंग धोखाधड़ी एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा कि बैंकों द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने सभी स्व-सहायता समूह की कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्राप्त जानकारी को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाएं और लोगों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार बैंकिंग के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना तथा सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था को बढ़ावा देना है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विकास कार्यों का शिलान्यास कर समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



शनिवार, दिनांक 14/02/2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी क्षेत्रांतर्गत दौरा कर अनेकों विकास कार्यों का शिलान्यास किया। तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर संवाद किया। आज भाजपा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने अपने विधानसभा क्षेत्र को विकास की नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ प्रातः 10:00 बजे से ग्राम नगझर से दौरा आरंभ करते हुए पटपूरा तालाब मे स्नान घाट, रविशंकर जी के खेत से कुंदन रजक जी के खेत तक एप्रोच रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी प्रकार प्रातः 10:30 बजे ग्राम सिमरिया मे नरेला कैंप से देवरी तक एप्रोच रोड निर्माण एवं प्रातः 11:00 बजे ग्राम कंडीपार मे ज्वारे वाले घाट पर स्नान घाट निर्माण, कंडीपार से झीलपिपरिया की ओर एप्रोज रोड निर्माण, कंडीपार से बिठली की ओर एप्रोज रोड जैसे लाखों के विकास कार्यों का विधी विधान से शिलान्यास करने के साथ ही विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। दौरें के दौरान ग्रामीणों द्वारा कलश लेकर श्री राय की आगवानी की गयी।

## सफलता की प्रेरक कहानी

# राज्य आजीविका मिशन से बदली अनिता की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राज्य आजीविका मिशन ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान की नई रोशनी जगाई है। इसी परिवर्तन का उदाहरण जनपद बरघाट के ग्राम छपारा में रहने वाली श्रीमती अनिता वटटी की कहानी भी है।

समूह से जुड़ने से पहले अनिता वटटी का जीवन सीमित आय और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संघर्षमय था। पारंपरिक खेती से होने वाली आमदनी परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं थी। आर्थिक तंगी के कारण कई बार आवश्यक खर्च भी टालने पड़ते थे। राज्य आजीविका मिशन के अंतर्गत लक्ष्मी आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत हुई। समूह की नियमित बैठकों, बचत की आदत और



वित्तीय साक्षरता ने उनमें आत्मविश्वास पैदा किया। कैश क्रेडिट लिमिट के माध्यम से उन्हें पहली बार 75 हजार तथा दूसरी बार 80 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस सहयोग से उन्होंने अपने पास की बचत जोड़कर नजदीकी ग्राम धारना में कपड़ों की दुकान प्रारंभ की। पति के साथ मिलकर उन्होंने पूरे समर्पण से दुकान का संचालन किया। ग्राहकों से अच्छा व्यवहार और उचित मूल्य के कारण दुकान की आय लगातार बढ़ने लगी। साथ ही, प्रशिक्षित कृषि सीआरपी के मार्गदर्शन में उन्होंने अपने खेत में उन्नत कृषि पद्धतियाँ अपनाईं। बेहतर बीज एवं आधुनिक तकनीक से उत्पादन बढ़ा और आय के स्रोत मजबूत हुए। आज अनिता वटटी कपड़े की दुकान और कृषि कार्य से लगभग 15,000 से 18,000 रुपये की प्रतिमाह अर्जित कर रही हैं। उनकी वार्षिक आय लगभग 1,60,000 रुपये तक पहुँच चुकी है। अब वे न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं।राज्य आजीविका मिशन ने अनिता वटटी जैसी अनेक महिलाओं को आत्मनिर्भरता, सम्मान और बेहतर भविष्य की दिशा प्रदान की है। यह कहानी दर्शाती है कि सामूहिक प्रयास और सही मार्गदर्शन से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सशक्त परिवर्तन संभव है।

# जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए सीएचओ का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयपाल सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम एन पी सी सी एच एच अंतर्गत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक गतिविधियों को गति देना रहा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, जलजनित एवं वेक्टर जनित रोगों में वृद्धि जैसी समस्याएं सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। उपस्थित सभी सीएचओ को एनपीसीसीएचएच अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन करने एवं आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से ही जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं की प्रभावी रोकथाम संभव है और इसी के माध्यम से मानव कल्याण की रक्षा की जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. वंदना कमलेश (डीएचओ-3) एवं शिखा मेश्राम ( डाटा मैनेजर) ने अपने-अपने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में जलवायु संवेदनशील रोगों की पहचान, समय पर रिपोर्टिंग, आपदा प्रबंधन तथा सामुदायिक जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया।

# दुल्हापुर प्रकरण में लांजी एसडीएम-तहसीलदार कलेक्टर एवं राज्य शासन को कर रहे गुमराहः पूर्व विधायक किशोर समरीते

हरिभूमि न्यूज लांजी।

संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने 13 फरवरी 2026 को जनसंपर्क कार्यालय बालाघाट द्वारा दुल्हापुर प्रकरण में जारी खंडन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह प्रशासन का अंग्रेजों के समय का पुराना तरीका है। उन्होंने कहा कि देश में संविधान का राज है और किसी भी घटना की जांच व पंचनामा कार्यवाही बार-बार नहीं होती। श्री समरीते ने कहा कि लांजी एसडीएम एवं तहसीलदार दुल्हापुर प्रकरण में कलेक्टर को गुमराह कर रहे हैं, जो गंभीर जांच का विषय है। उन्होंने मांग की कि संबंधित अधिकारियों की टूर डायरी की जांच की जाए, यह देखा जाए कि पटवारी ने कितनी बार मौका निरीक्षण किया और संबंधित मकान का निर्माण ग्राम पंचायत दुल्हापुर एवं नगर निवेश की अनुमति से किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि बिना डायवर्सन कराए मकान निर्माण कराना गैरकानूनी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार में दो सदस्य जन्म से दिव्यांग हैं और उनके पास आजीविका का कोई साधन नहीं है। ऐसे में प्रशासन को कमजोर पक्ष के साथ खड़ा होना चाहिए, न कि खंडन जारी करना चाहिए। समरीते ने मांग की कि दुल्हापुर के पटवारी के बस्ते जब्त कर जांच की जाए तथा ग्राम पंचायत सचिव की भूमिका की भी जांच हो। श्री समरीते ने संविधान के अनुच्छेद 41, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 तथा संबंधित धाराओं का हवाला देते हुए कहा कि सरकार को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगजनों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग भी की। इधर दुल्हापुर निवासी उर्वशी पति स्व. सावालाल बरगैया एवं उनके पुत्र ईश्वर बरगैया और मीना बरगैया ने कहा कि उन्होंने किसी को गुमराह नहीं किया है। उनका आरोप है कि अनावेदक सुखदेव बरगैया एवं उसके परिजन प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण के समय कार्य बंद कर देते हैं और अधिकारियों के जाने के बाद पुनः कार्य प्रारंभ कर देते हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत तथा दोनों दिव्यांग भाई-बहन के लिए रोजगार सहायता की मांग की।





# चेतावनी : यदि ऑटो स्टैंड हटाया तो धरने पर बैठ जायेंगे



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विधायक अनुभा मुंजारे ने बस स्टैंड से ऑटो स्टैंड हटाए जाने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि ऑटो स्टैंड हटाया गया, तो वह वहीं धरने पर बैठ जाएंगी।

दरअसल, ऑटो स्टैंड हटाए जाने से परेशान ऑटो चालकों ने विधायक से इसकी शिकायत की थी। इसके बाद शनिवार को विधायक अनुभा मुंजारे बस स्टैंड पहुंचीं, जहां उन्होंने बसों के अव्यवस्थित खड़े होने और गंदगी पर नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण पर गरीब ऑटो चालकों को स्टैंड में ही रहने देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उन्हें हटाया गया, तो यह मामला आगामी विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा। मुंजारे ने कहा कि कानून केवल गरीबों के लिए है, जबकि बस स्टैंड में महीनों और घंटों तक बसों के खड़े रहने पर प्रशासन ध्यान नहीं देता। उन्होंने प्रशासन से पहले बसों को व्यवस्थित करने को कहा।

विधायक ने बस स्टैंड की सफाई को लेकर नगरपालिका को भी घेरा। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी स्वच्छ भारत की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर नगर के सार्वजनिक स्थानों और वार्डों में कचरे का ढेर लगा है, जिस पर नगरपालिका का कोई ध्यान नहीं है।बस स्टैंड में गंदगी के सवाल पर सीएमओ बी.डी. कतरोलिया ने बताया कि बस स्टैंड में शौचालय होने के बावजूद लोग बसों की आड़ में गंदगी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब रात में बस स्टैंड की सफाई की जाएगी। स्टैंड में बसों के महीनों और घंटों तक खड़े रहने के सवाल पर सीएमओ ने कहा कि यह ट्रैफिक पुलिस का काम है और उन्हें ही इसे देखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 12 फरवरी को एसडीएम, सीएसपी और यातायात थाना प्रभारी ने सालों से बस स्टैंड में चल रहे ऑटो स्टैंड से चालकों को अन्य निर्धारित जगह पर जाने का फरमान सुनाया था। इसके बाद से ऑटो चालक परेशान थे और उन्होंने अपनी समस्या से विधायक को अवगत कराया था।

# मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा, ग्रामीणों में भारी उत्साह

## चंदा एकत्र कर ग्रामीणों ने कराया मंदिर निर्माण, कलश यात्रा के बाद संपन्न हुआ स्थापना समारोह



**हरिभूमि न्यूज लामता।** लामता तहसील के ग्राम पंचायत सकरी के सकरी टोला में धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहां ग्रामीणों द्वारा चंदा एकत्र कर निर्मित मंदिर में विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। स्थापना समारोह को लेकर गांव में विशेष उत्साह का माहौल बना रहा।गत दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवाओं ने सहभागिता की। श्रद्धालुजन ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ पूरे गांव में कलश यात्रा निकालते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। वातावरण 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।आज शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन कर शिवलिंग की स्थापना की गई। पंडितों द्वारा हवन-पूजन संपन्न कराया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर निर्माण पूरी तरह से गांववासियों के सहयोग और चंदे से कराया गया है। इस आयोजन ने गांव में एकता और धार्मिक भावना को और अधिक मजबूत किया है।पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# 'जल है तो कल है' ग्राम जबरटोला में 'हर घर जल' से आई खुशहाली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय बालाघाट से लगभग 36 किलोमीटर दूर बसे छोटे से ग्राम जबरटोला की पहचान कभी पेयजल संकट से जुड़ी थी। वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत सोनझरा के लगभग 500 की आबादी वाले इस गांव जबरटोला में वर्षों तक पानी के लिए संघर्ष आम बात थी। सुबह होते ही महिलाओं की लंबी कतारें, दूरस्थ स्त्रोतों तक पैदल जाना और सीमित पानी में गुजारा करना यहाँ की दिनचर्या बन चुकी थी। समय के साथ समस्या और गंभीर होती गई। ऐसे में उम्मीद की किरण बनकर जल जीवन मिशन जबरटोला ग्राम पहुंचा।

ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या को देखते हुए जल जीवन मिशन के तहत व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई। इस योजना को 13 फरवरी 2020 को आधिकारिक स्वीकृति मिली। लगभग 25.77 लाख रुपये की लागत से नई नल-जल योजना का खाका तैयार किया गया। मिशन का उद्देश्य केवल पाइपलाइन बिछाना नहीं था, बल्कि हर घर तक पर्याप्त, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँचाना था और वह भी समानता के साथ।

## तकनीकी मजबूतीः 20 किलोलीटर का सम्पबेल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उईके ने बताया कि गाँव में पानी की निरंतर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 20 किलोलीटर (K.L.) क्षमता के सम्पबेल का निर्माण किया गया है। इससे पानी के भंडारण और दबाव की समस्या का स्थायी समाधान हुआ है। नई पाइपलाइन व्यवस्था के साथ जल वितरण प्रणाली मजबूत हुई और गाँव में पहली बार नियमित जल आपूर्ति संभव हो सका है। योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद ग्राम जबरटोला की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। गाँव के सभी 123 घरों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। ग्राम 'हर घर जल' के रूप में रिपोर्टेड एवं प्रमाणित हो चुका है।






ग्रामवासियों का कहना है कि पहले जहाँ पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब घर की टोटी खोलते ही पर्याप्त पानी मिल जाता है। 20 K.L. के सम्पबेल ने पानी की किल्लत को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया है। ग्रामीणों ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट (म.प्र.) के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया है। ग्राम जबरटोला की यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि सही योजना, प्रभावी क्रियान्वयन और मजबूत इच्छाशक्ति से दुर्गम क्षेत्रों में भी विकास की धारा बहाई जा सकती है। जल जीवन मिशन ने जबरटोला को केवल पानी ही नहीं दिया, बल्कि सम्मानजनक जीवन, बेहतर स्वास्थ्य और नई आशा का आधार भी प्रदान किया है। आज जबरटोला गर्व से कह रहा है "जल है तो कल है"।

# पूर्व पार्षद रिखब चंद पींचा पंचतत्व में हुए विलीन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



पत्रकार सौरभ पींचा और लोक अभियोजन अधिकारी देवर्षि पींचा के पिता रिखब चंद पींचा (पूर्व पार्षद) का 12 फरवरी को 'सिद्धत्व' (देवलोकगमन) हो गया है। वे एक सरल और धर्मनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी थे। उनका चले जाना जैन समाज और सर्व समाज के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। शाम 05 बजे शोकाकुल परिजनों और स्वजातीयजनों की उपस्थिति में सिवनी रोड़ स्थित मोक्षधाम में पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। वह बीते कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार चल रहा था। पुण्यात्मा के निधन पर स्वजातीयजनों ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और सभी ने भगवान महावीर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें ऐसी कामना की। पींचा परिवार के शुभचिंतकों ने परिवार को इस कठिन समय में धैर्य रखने का संबल मिले। ऐसी ईश्वर से प्रार्थना की। रिखब चंद पींचा नगर परिषद कटंगी में लंबे समय तक पार्षद के रूप में चुनकर जनसेवा करते रहे। वह 3 बार निर्दलीय और 01 बार कांग्रेस के समर्थन से पार्षद चुनकर परिषद में गए थे। लंबा राजनीतिक अनुभव के चलते कई राजनीतिक लोग उनसे कुछ नया सीखने के लिए अकसर लालायित रहते। कटंगी शहर के छतेरा का पीपल टोला में जरूरतमंद परिवारों को स्थापित करने में उनका अतुलनीय योगदान रहा। जिस कारण आज भी यहां निवास करने वाले लोगों के दिलों में रिखब चंद पींचा एक अविस्मणीय नाम है। रिखबचंद पींचा अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़कर गए है। उनके निधन पर पत्रकार संघ ने भी अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

# उपसरपंच के निधन से गर्रा में शोक

## सरपंच ने कहा गर्रा के लिए अपूर्णाीय क्षति





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

औद्योगिक नगरी गर्रा में बीते शुक्रवार को उपसरपंच राजू पंचेश्वर का आकस्मिक निधन से गर्रा में शोक की लहर छा गई। मिली जानकारी अनुसार परिजनों ने बताया कि लगभग 6 माह से मृतक का स्वास्थ्य ठीक नही था, लिवर में समस्या थी। उनका उपचार चल रहा था। शुक्रवार की सुबह वाट्सप गर्रा परिवार में निधन की खबर डलते ही गाँव में शोक छा गया। ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन को जानकारी लगते ही उन्होंने अपनी निजी यात्रा नागपुर से स्थगिग कर उल्टे पांव वापस आना पड़ा। सरपंच के द्वारा तत्काल अपने निज सहायक तथा पंचायस सहायक कपिल झारिया को आदेशित किया गया, सभी पंचायत के कार्य स्थगित कर दिये जाये तथा दुखी परिवार की हर संभव सहायता की जा ये । वैभवसिंह के द्वारा दुखी परिवार से मिलकर ढाढस बधाई गई तथा संकट की घड़ी में कहा पूरा पंचायत परिवार आपके साथ खड़ा हैं। स्थानीय मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। शोक सभा लेते समय ग्राम प्रधान के द्वारा मृतक को श्रृंद्धांजली देते समय रोने लगे, रोते हुए कहा की राजू मेरे बड़े भाई के समान था, पंचायत के कार्य में मुझे सहयोग प्रदान करता था। उपसरपंच के आकस्मिक निधन को वैभवसिंह के द्वारा गर्रा की बड़ी क्षति बताई गई।

## प्रत्येक पंचायत में आप सभी के सहयोग से पहली बार हो रहे है इतने विकास कार्यः गौरव सिंह पारधी

# कुम्हली, मोवाड, शंकर पिपरिया में विकास कार्यो की विधायक पारधी ने दी सौगात, किया भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** खैरलांजी जनपद मुख्यालय अंतर्गत अंतर्गत विधायक गौरव सिंह पारधी की सक्रियता और निरंतर प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शंकर पिपरिया, मोवाड और कुम्हली में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ।



**कुम्हली में 40 लाख रुपये के विकास कार्यो का विधायक ने किया भूमिपूजनः** ग्राम कुम्हली में लगभग 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन एवं 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सी सी रोड का भूमिपूजन विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा किया गया इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार,जनपद सदस्य अरविंद गढ़पाले, भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश रहागडालें सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**मोवाड में बाउंड्रीवॉल, सभामच का हुआ भूमिपूजन और स्ट्रीट लाइट का हुआ लोकार्पण :**ग्राम मोवाड में हाईस्कूल परिसर में १२ लाख रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवॉल निर्माण तथा सभामच का भूमिपूजन किया गया और स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता मानसिग बहेटवार,सरपंच श्रीमती वर्षा होलुकहालकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश रहांगडाले सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**शंकर पिपरिया में सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन :**खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत शंकर पिपरिया में विधायक गौरव सिंग पारधी द्वारा १५ लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार,जनपद सदस्य अरविंद गढ़पाले, भाजपाह मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश रहागडालें,पूर्व मंडल महामंत्री भाजपा अनिल कुरवे, मंडल महामंत्री विश्वेश्वर सोनवाने, मंडल महामंत्री प्रमोद मेश्राम,मंडल उपाध्यक्ष फिरोज ठाकरे,पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा तेज लाल चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार माननीय प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय डॉक्टर मोहन यादव जी के नेतृत्व में लगातार प्रयास कर रही है कि कम से कम जो मूलभूत सुविधाएं हैं वह हमें अच्छे से मिले ,सडक बिजली पानी और शिक्षा के विषय प्रयास किया जा रहा है क्षेत्र वासियों ने समस्या से अवगत कराया है मैंने उन समस्याओं को पूर्ण करने का प्रयास किया है और आगे भी करता रहूंगा। आप सबको मेरे ऊपर आशीर्वाद रहा है इसीलिए इस प्रकार का हम प्रयास कर पा रहे हैं। इस दौरान विधायक पारधी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से कटंगी क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य संभव हो पा रहे हैं।

## आज विशाल त्रिशूल यात्रा



**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** शिवरात्रि के महापर्व के पावन अवसर पर विशाल त्रिशूल यात्रा व भंडारा का आयोजन 15 फरवरी को सुबह 7 बजे से किया जा रहा है यह यात्रा मोहगाव खुर्द से गुप्तेशवर महादेव पहाड़ी तक रहेगी ।त्रिशूल यात्रा ग्राम मोहगावखुर्द हनुमान मंदिर से शिव मंदिर व राम मंदिर से भालवा भ्रमणव करके गुप्तेशवर महादेव पहाड़ी डोंगरगाँव पहुचेगी । आयोजकों के द्वारा समस्त ग्रामवासी ,क्षेत्रवासी व शिवभक्तगण से निवेदन है कि आप सभी इस शुभ अवसर पर 100 किलो (31 फ़ीट ) त्रिशूल यात्रा मे शामिल होकर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करे।

## जादू टोने का संदेह बनी विवाद की वजह

# पुरानी रंजिश के चलते मारपीट के बाद प्रौढ़ की मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट के बाद 58 वर्षीय प्रौढ़ की मौत होने का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना ग्राम जोगा टोला की है। जहां बुधवार की रात्रि 9 बजे आमने-सामने किन्तु अलग-अलग गांव में रहने वाले पड़ोसियों के बीच पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज हुई और मामले ने इस कदर तूल पकड़ लिया कि एक पक्ष के पिता-पुत्र ने दूसरे पक्ष में शामिल पिता-पुत्र के साथ जमकर मारपीट कर दी जिससे दूसरे पक्ष में घायल प्रौढ़ की रात्रि करीब 3 बजे के बाद मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम जोगा टोला निवासी रामकिशन पिता जीवनलाल ठाकरे उम्र 58 वर्ष की मारपीट के बाद मौत हुई है। मृतक के पुत्र हर्षद ठाकरे उम्र 22 वर्ष में बताया कि बुधवार की रात्रि करीब 9 बजे घर के सामने के पड़ोस में रहने वाले ग्राम चीचलडोह (रैयत) तहसील कुरई निवासी धनेश उईके उम्र 56 वर्ष और गणेश उईके उम्र 38 वर्ष ने दोनों पिता पुत्र के साथ मारपीट की। हर्षद बताते हैं कि वर्ष 2019 में उनकी मां का मानसिक संतुलन बिगड़ गया। जिसका उपचार परिवार के द्वारा करवाया जा रहा था वहीं कुछ लोग इसे बाहरी यानी जादू टोना किए जाने की बात भी कह रहे थे इसी बात को लेकर उनके पिता अक्सर अपने घर पर गाली गलौज करते थे। पिता अपने घर पर गाली देते तो सामने पड़ोस में रहने वाले धनेश उईके विवाद करना शुरू कर देते। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच पूर्व में भी कई बार विवाद हुआ था।

बुधवार की रात भी ऐसा ही हुआ पिता घर पर गाली गलौज कर रहे थे जिसे सुनकर सामने रहने वाला धनेश उईके अपने बेटे गणेश के साथ आया और पिता से मारपीट करने लगा। हर्षद उस वक्त शौचालय में था पिता के बाद विवाद होने का शोर सुनकर वह शौचालय से बाहर आया तो धनेश और उनका पुत्र गणेश दोनों उसके पिता से मारपीट कर रहे थे। जिसका हर्षद ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। हर्षद ने यह भी बताया कि इस पूरी घटना के बाद उन्होंने अपने पिता को घर ला लिया और रात्रि में उनकी मौत हो गई। पिता की मौत के बाद सुबह 6 बजे डायल 112 को सूचना दी गई इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है।

# सीसीएफ और डीएफओ कार्यालय के खुले ताले

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) और डीएफओ (दक्षिण वनमंडल) कार्यालय करीब 8 महीने बाद फिर से खुल गए हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर 11 जुलाई 2025 को दोनों कार्यालयों को सील कर दिया गया था।

दरअसल, वन विभाग की ओर से 1 करोड़ 15 लाख रुपए की डिक्री राशि कोर्ट में जमा करने के बाद कार्यालयों को खोलने की अनुमति मिली है।

कार्यालय खुलते ही कर्मचारी फर्नीचर और रिकॉर्ड पर जमी धूल साफ करते नजर आए। पिछले 8 महीनों से ये दोनों कार्यालय अलग-अलग स्थानों से संचालित हो रहे थे। अब सोमवार से यहां नियमित कामकाज शुरू हो जाएगा।

यह विवाद 1997-98 का है। उस समय कल्पतरु एग्रोफॉरेस्ट प्राइवेट लिमिटेड ने बालाघाट के क्वालिटी बांस की नीलामी में हिस्सा लिया था। कंपनी ने बांस खरीद का टेंडर लिया, लेकिन गुणवत्ता अपेक्षा के अनुरूप न होने का हवाला देते हुए बांस का परिवहन नहीं किया।

इसके बाद वन विभाग ने कंपनी की 20 लाख रुपए की अमानत राशि वापस नहीं की। कंपनी ने इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी।



सुनवाई के दौरान वन विभाग समय पर कोर्ट में जवाब पेश नहीं कर सका। मामले को गंभीरता से न लेने पर हाईकोर्ट ने 20 जून 2025 को आदेश दिया कि यदि ब्याज सहित डिक्री राशि जमा नहीं की जाती है, तो कोर्ट द्वारा नियुक्त रिसीवर कार्यालयों को सील कर सकता है।

इसी आदेश के तहत 11 जुलाई 2025 को डीएफओ दक्षिण उत्पादन वन कार्यालय और सीसीएफ कार्यालय को सील कर नोटिस चस्पा किए गए थे।

करीब एक सप्ताह पहले वन विभाग ने 1 करोड़ 15 लाख रुपए की डिक्री राशि हाईकोर्ट में जमा कर दी। इसके बाद कोर्ट ने सीसीएफ और डीएफओ दक्षिण वनमंडल कार्यालयों की सील हटाने के आदेश दिए।

सीसीएफ गौरव ने बताया कि विभाग ने हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार राशि जमा कर दी है। अब विभाग इस मामले में कोर्ट में अपना पक्ष रखेगा। कार्यालय खुलने से कर्मचारियों और आम लोगों को राहत मिली है, क्योंकि लंबे समय से कामकाज प्रभावित हो रहा था।